संख्या: शिक्षा (प्रा ०)- (शा० शि ० - 08) – कार्यवाही (U-14)- /2025-26
स्कूल शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश, लालपानी शिमला -171001।

दिनांक शिमला 171001 मई, 2025।

सेवा में

समस्त उप - निदेशक स्कूल शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश ।

विषय : **दिनांक 11.04.2025 को आयोजित हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन (अंडर-14) की वार्षिक बैठक की कार्यवाही के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर निर्देशित किया जाता हैं कि दिनांक 11.04.2025 को स्कूल शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन(अंडर-14) की वार्षिक बैठक की कार्यवाही की प्रतिवेदन प्रति संलग्न कर यथोचित संज्ञान हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्न : यथोपरि।

-हस्ता -
निदेशक
स्कूल शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश लालपानी शिमला -171001।

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक शिमला ०१ मई, 2025।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-
01. प्रधान सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार -171002।
02. निजी सचिव, निदेशक, स्कूल शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश।
03. निजी सचिव, सयुंक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश।
04. समस्त कार्यकारिणी के सदस्य।
05. समस्त जिला खेल प्रभारी(अंडर-14) , हिमाचल प्रदेश।
06. समस्त खंड समन्वयक (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) एवं प्रधानाचार्य हिमाचल प्रदेश।
07. आईटी प्रकोष्ठ के अधीक्षक/शाखा प्रभारी को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 11 अप्रैल 2025 की वार्षिक बैठक की कार्यवाही विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए।
08. रक्षक नस्ति।

Directorate of School Education
05 MAY 2025
Himachal Pradesh, Shimla-171001

निदेशक
स्कूल शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश लालपानी शिमला -171001।

# हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन वार्षिक आम सभा 2025-26 की कार्यवाही

**दिनांक: 11 अप्रैल 2025** **स्थान: हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशालय, शिमला -171001**

दिनांक 11 अप्रैल 2025 को हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन की वार्षिक आम सभा का आयोजन निदेशालय सभागार, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा, शिमला में सम्पन्न हुआ। इस सभा की अध्यक्षता माननीय **निदेशक, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा** श्री आशीष कोहली जी, द्वारा की गई। सभा में संगठन के उपाध्यक्ष एवं अतिरिक्त **निदेशक श्री बी. आर. शर्मा जी,** एवं सयुंक्त निदेशक (स्कूल ), श्री जगदीश नेगी जी, सहित समस्त प्रमुख अधिकारी, विभागीय प्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्यगण इस प्रकार रहे:
श्री मनीष कुमार, अनुभाग अधिकारी (वित्त एवं लेखा), स्कूल शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश ।
श्री अजय पांटा, शाखा प्रभारी (शारीरिक शिक्षा), एवं महासचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन ।
श्रीमती ललिता नेगी, एडीपीओ (मुख्यालय) हिमाचल प्रदेश ।
श्री राजेश ठाकुर, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक (शारीरिक शिक्षा) हिमाचल प्रदेश ।
समस्त जिला उपनिदेशक, स्कूल शिक्षा ।
समस्त जिला खेल प्रभारीगण।
श्री ललित चौहान, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश शारीरिक शिक्षक संघ।
श्रीमती रेखा ठाकुर, महासचिव, शारीरिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश ।
अन्य संबंधित शारीरिक शिक्षकगण।
सभा में निम्नलिखित कार्यवृत्तों पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय पारित किए गए:

मद क्रमांक 01: वार्षिक बजट प्रस्तुति :

शाखा प्रभारी (शारीरिक शिक्षा) एवं महासचिव हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन श्री अजय पांटा जी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट विवरण एवं व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संभावित व्ययों का प्राक्कलन भी सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मद क्रमांक 02: राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन सुधार हेतु रणनीति :

माननीय निदेशक महोदय ने विगत वर्षों के राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश के संतोषजनक प्रदर्शन न रहने पर गहन चिंता व्यक्त की। उन्होंने अंडर-14 आयु वर्ग हेतु नवनिर्मित रणनीति अपनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री ललित चौहान (अध्यक्ष शारीरिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश ) द्वारा दो महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए:

स्पोर्ट्स हॉस्टल्स में अंडर-14 खिलाड़ियों हेतु 50% आरक्षण (परिवेश कोटा) सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की अवधि 7 दिवस से बढ़ाकर न्यूनतम 10 दिवस की जाए। सभा द्वारा उक्त दोनों सुझावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

मद क्रमांक 03: चयनित खिलाड़ियों हेतु मिनी हॉस्टल की स्थापना :

यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं से चयनित खिलाड़ियों हेतु विशेष मिनी हॉस्टल की स्थापना की जाए, जहाँ चयनित खिलाड़ियों को 1-2 माह तक विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा इस प्रस्ताव को सरकार के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की सहमति दी गई।

मद क्रमांक 04: खेल कैलेंडर में संशोधन हेतु अनुरोध :

उपनिदेशकगण द्वारा खेल कैलेंडर में लचीलापन लाते हुए जुलाई-अगस्त माह में ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की अनुमति मांगी गई।

उपाध्यक्ष श्री बी. आर. शर्मा जी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान कैलेंडर राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए पारित किया गया है। फिर भी सरकार के समक्ष इस मामले उठाया जाएगा।

## U-14 State Level Sports Calendar 2025-26

**State Level Tournaments**

| Sr. No. | Types Of Games | Name of Games | No of Participation | Tentative Dates | Tentative Venue of State Tournament | Days |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **State Level U-14 Major Boys** | Basketball, Hockey, Football Handball and Wrestling | 75 X 12= 900 | **30-09-2025 to 02-10-2025** | **GBSSS Mandi, Distt. Mandi.** | 3 days |
| 02 | **State Level U-14 Minor Girls** | Badminton, Volley Ball, Kho-Kho, Kabaddi. | 41X 12= 492 | | **GBSSS Jubbal, Distt. Shimla.** | |
| 03 | **State Level U-14 Minor Boys** | Badminton, Volley Ball, Kho-Kho, Kabaddi. Boxing | 52 X 12 = 624 | **05-10-2025 to 07-10-2025** | **GSSS Banikhet Distt. Chamba** | 3 days |
| 04 | **State Level U-14 Major Girls** | Basketball, Hockey, Handball and Wrestling | 57 X 12= 684 | | **GSSS Saloh Distt. Una.** | |
| 05 | **State Level U-14 B&G (Combined** First Two days for Boys and Second two days for Girls) | Athletics, (B&G), Chess, Judo, Yoga | 43 X 12 = 516 | **11-10-2025 to 14-10-2025** | **G(B/G)SSS Dharmshala Distt. Kangra.** | 4 days |
| | | **(Cultural)** | 45 X 12 = 540 | | **GBSSS Nadaun Distt. Hamirpur.** | |

मद क्रमांक 05: खिलाड़ियों की त्वरित रिहाई एवं उत्तरदायित्व निर्धारण :

(HSSA members) द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार जिला खेल प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रतियोगिता में पराजित होने वाले खिलाड़ियों की जानकारी समय रहते प्रबंधक सचिव को प्रेषित की जाए। प्रतियोगिता में हार के बाद जिला एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को रिलीव किया जाए एवं उनके साथ नियुक्त कोच/प्रबंधक को पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ खिलाड़ियों की सुरक्षा एवं उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी, जिससे बजट कि बचत कि जा सके। **(यह संपूर्ण जानकारी लिखित में निदेशालय को समयबद्ध सूचित किया जाए)**सभा द्वारा यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

मद क्रमांक 06: शासनादेशों का समुचित अनुपालन :

निदेशक महोदय द्वारा यह निर्देश दिया गया कि हिमाचल प्रदेश सरकार पत्र No. Shiksha-II-Chha(1)-2/95-II द्वारा निर्गत सभी नियम एवं आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ब्लॉक से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लागू किया जाए।

मद क्रमांक 07: बजट वितरण प्रणाली में सुगमता :

जिला सोलन के उपनिदेशक द्वारा प्रस्तावित किया गया कि ब्लॉक एवं जिला स्तरीय आयोजनों हेतु बजट राशि जिला उपनिदेशालय को अग्रिम रूप से ई-वितरण प्रणाली द्वारा प्रदत्त की जाए। निदेशक महोदय ने निर्देशित किया कि यह प्रक्रिया वित्तीय नियमों के अनुरूप होनी चाहिए।

मद क्रमांक 08: मानक मैस मेनू का अनुमोदन :

महासचिव श्री अजय पांटा जी ने खिलाड़ियों हेतु एक मानक मैस मेनू अनुमोदित किए जाने का प्रस्ताव सभा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**Mess menu of HSSA U-14 Boys/Girls Tournaments**

| | | |
|---|---|---|
| Break fast | : | Bread slice with Butter Paratha with Curd Tea/Coffee/Milk & Fruit, Banana / Egg. |
| Lunch | : | Paneer (Cheese), Rice, Roti/Puri, Papad, Salad, Pickle, Dal at list two, Seasonable Vegetables ,Curd/ Raita , Sweet Dish. |
| Refreshment | : | Fruits and Juice etc. |
| Dinner | : | Seasonable Vegetables Sabji/ Rice, Roti/Puri, Papad, Salad,Pickle, Dal at list two, Non veg/ Paneer (Cheese), Sweet Dish. |

मद क्रमांक 09: प्रतिस्पर्धी बोली द्वारा भोजन आपूर्ति एवं डाइट मनी वृद्धि :

सभा में निर्णय लिया गया कि खिलाड़ियों के लिए भोजन की आपूर्ति प्रतिस्पर्धी /निविदा प्रणाली (Comparatively bids) द्वारा सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त निदेशक महोदय ने सूचित किया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता न किया जाए। प्रतियोगिताओं के लिए खाद्य आपूर्ति से संबंधित अनुबंध प्रदान करते समय स्थानीय/हिमाचली कैटरिंग सेवा प्रदाताओं को प्राथमिकता प्रदान की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि चयनित कैटरिंग सेवा प्रदाता ने पूर्व में किसी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सफलतापूर्वक सेवाएँ प्रदान की हों तथा वह खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन करता हो। साथ ही, संपूर्ण प्रक्रिया में कोडित औपचारिकताओं (Codal Formalities) का विधिपूर्वक एवं पूर्ण रूप से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मद क्रमांक 10: अंडर-14 टीम चयन हेतु DDO परिसर आधारित प्रणाली :

श्री अजय पांटा महासचिव, ने सुझाव रखा की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंडर-14 टीमों का चयन संबंधित DDO परिसरों में किया जाएगा, जिससे चयन प्रक्रिया पारदर्शी और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

मद क्रमांक 11: सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी एवं डाइट मनी :

प्रतियोगिताओं में सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु भाग लेने वाले विद्यार्थियों को एक दिन की डाइट मनी प्रदान की जाएगी।(छात्र एवं छात्राएं उसी दिन अपनी उपस्थिति देंगे जिस दिन उनका इवेंट होगा)।
प्रथम दिवस: भाषण प्रतियोगिता, सुगम संगीत, शास्त्रीय संगीत, एकांकी प्रतियोगिता
द्वितीय दिवस: समूह गान एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता
भाषण हेतु विषय :-

1. मादक पदार्थों एवं नशीली दवोंओ के युवाओं के जीवन पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव।

2. विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्व।

3. Artificial Intelligence ( कृत्रिम बुद्धिमत्ता )।

4. साइबर अपराध की तरफ बढ़ते युवाओं के कदम और समाधान।

5. स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार।

6. महिला सशक्तिकरण।

**मद क्रमांक 12.** "राकेश सिंह (सदस्य, HSSA) ने सभा के समक्ष U-14 टूर्नामेंट में नई खेलों — ताई कमांडो, टेबल टेनिस, और कुराश — को शामिल करने का प्रस्ताव रखा।

इस पर, हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन के अतिरिक्त निदेशक एवं उपाध्यक्ष ने बताया कि इन खेलों के लिए एक दिवसीय ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके पश्चात, चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे। यह प्रस्ताव सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।"

**मद क्रमांक 13.** खंड स्तरीय टूर्नामेंट में किसी भी विषय अध्यापक को टूर्नामेंट में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा, छात्रों एवं छात्राओं कि सुरक्षा हेतु मल्टी टास्क वर्कर / नॉन टीचिंग स्टॉफ को ही प्रतिनियुक्त किया जाए जिसे सभा ने सर्व सहमति से पारित किया गया। हर स्तर कि U-14 खेलकूद प्रतियोगिताओं में DPEs एवं PETs आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। साथ ही, अध्यक्ष महोदय ने इस पर सहमति व्यक्त की कि राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं/टूर्नामेंट में प्रति खेल 10 शारीरिक शिक्षक (PETs) एवं 5 शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता (DPEs) की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

**मद क्रमांक 14. राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार योजना का अनुमोदन :**

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह प्रस्तावित किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को HSSA पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण इस प्रकार रहेगा:

**समूह खेलों में (Team Games):**

स्वर्ण पदक: ₹51,000 (स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र)

रजत पदक: ₹31,000 (स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र)

कांस्य पदक: ₹21,000 (स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र)

**एकल खेलों में (Individual Events):**

स्वर्ण पदक: ₹21,000 (स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र)

रजत पदक: ₹11,000 (स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र)

कांस्य पदक: ₹5,100 (स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र)

साथ ही, विजेता छात्रों के विद्यालयों में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

**(सभी स्तरों पर प्रतियोगिताएँ स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाएंगी। प्रतियोगिता में केवल वही प्रतिभागी खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे, जिनकी जन्मतिथि 01 जनवरी 2012 या उसके पश्चात की है।)**

समापन:

सभा के समापन पर महासचिव श्री अजय पांटा जी ने उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षकों, प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा उनके सहयोग को ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक बताया।

निदेशक
स्कूल शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश लालपानी शिमला -171001 ।

Directorate of School Education
05 MAY 2025
Himachal Pradesh, Shimla-171001